## सार-समाचार

### एमडीएस विश्वविद्यालय ने मार्च में घोषित किया परीक्षा परिणाम

**अजमेर( निसं )।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय ने शैक्षिणक क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पहली बार मार्च माह में ही वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। यह परिणाम बीकॉम ऑनर्स पार्ट-तृतीय का है, जिसमें विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। यह परिणाम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा जारी किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की समयबद्ध कार्य प्रणाली, बेहतर योजना और टीमवर्क का परिणाम है। कुलगुरु ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील कुमार टेलर एवं उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत के कारण ही इतनी जल्दी परिणाम घोषित करना संभव हो पाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, वार्षिक स्कीम के अंतर्गत यह प्रदेश का पहला परिणाम है, जिसने विश्वविद्यालय को अग्रणी शैक्षिणक संस्थानों की श्रेणी में स्थापित किया है। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और करियर की योजना बनाने में सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय ने भविष्य में भी इसी प्रकार की समयबद्धता और नवाचार के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया है।

### जैन मुनि विकसंत का अल्प प्रवास इंदिरा कॉलोनी में

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** जैन मुनि विकसंत सागर महाराज ससंघ का प्रवास इंदिरा कॉलोनी स्थित शांतिनाथ जिनालय में होगा। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि जैन भवन से विहार कर इंदिरा कॉलोनी मंदिर में मंगल प्रवेश किया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मुनिश्री का स्वागत किया। मंदिर प्रभारी अमित बाकलीवाल ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी वासियों ने जैन भवन पहुंचकर महाराज के चरणों में इंदिरा नगर प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित कर विनम्र निवेदन किया, जिसे मुनि ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान कमल रावका, अशोक पापल्या, ओमप्रकाश गदिया, विमल पाटनी, हेमंत छाबड़ा, अंकित गंगवाल, अमित कासलीवाल, धूपचंद बड़जात्या, सुभाष गदिया, विशाल बड़जात्या, कैलाश कासलीवाल, सुरेश बागड़ा, घीसालाल अजमेरा सहित सकल दिगंबर जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

### दाहिर सेन मंडल का द्वि दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**अजमेर( निसं )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दाहिर सेन मंडल का द्वि दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार, 1 अप्रैल 2026 से विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। शिविर के लिए मंडल के सभी कार्यकर्ता दोपहर 2 बजे आनंदम गार्डन पर एकत्रित हुए, जहां से बस द्वारा माखुपुरा बाईपास स्थित बाके बिहारी गार्डन के लिए प्रस्थान किया गया। शिविर का शुभारंभ विधिवत कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर सतीश बंसल, योगेश शर्मा, चंद्रेश सांखला, राजकुमार लालवानी, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री विजय मिश्रा, देवेश मालू तथा कार्यालय मंत्री ब्रजेश माथुर सहित बडी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शुभारंभ सत्र के पश्चात मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दीपेंद्र लालवानी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मुख्य वक्ता के रूप में योगेश शर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी एवं गौरवशाली योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे संगठन की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### 1976 करोड़ की रिकॉर्ड आय के साथ सभी पुराने आंकड़े ध्वस्त

**अजमेर( निसं )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आय के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंडल ने इस वर्ष 1,976.04 करोड़ रुपये की कुल सकल आय अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार, मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की गई है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में 1,782.64 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड था, जिसे इस वर्ष पीछे छोड़ दिया गया। यात्री आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष यात्री सेवाओं से 819.58 करोड़ रुपये की आय हुई, जो अब तक का सर्वकालिक उच्च स्तर है। वहीं माल भाड़ा आय ने 1,027 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर नया बेंचमार्क स्थापित किया है। टिकट चेकिंग अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा पर लगाम कसते हुए पहली बार 20 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित की गई। पार्सल सेवाओं से 13.39 करोड़, खान-पान सेवाओं से 3.67 करोड और पार्किंग से 2.72 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अलावा, इस वर्ष 2.76 करोड़ यात्रियों ने अजमेर मंडल से अपनी यात्रा शुरू की, जो मंडल की कार्यक्षमता और यात्रियों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। मंडल रेल प्रबंधक ने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों और बेहतर परिचालन रणनीतियों को दिया है।

### हनुमान जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**भीलवाड़ा( निसं )।** शहर में हनुमान जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जयंती संयोजक मेवाराम खोईवाल ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को रपट के हनुमान मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह भव्य यात्रा मंदिर के महंत बलराम दास महाराज एवं आदित्यदास महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगी। शोभायात्रा रपट के बालाजी मंदिर तेजाजी चौक से सांय 4 बजे शुरू होकर खेड़ियाखूट माताजी, बडला चौराहा, राजेंद्र मार्ग स्कूल, मुरली विलास रोड, स्टेशन चौराहा, गोल प्याऊ, महाराणा टॉकीज, गुलमंडी, सराफा बाजार, बड़ा मंदिर, धान मंडी, खटीक मोहल्ला, राधा कृष्ण मंदिर, हरिजन कॉलोनी और तेजाजी चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां महाआरती के पश्चात् महाप्रसाद वितरित किया जायेगा। पुजारी आदित्य दास महाराज ने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर पर विशेष रोशनी और सजावट की जाएगी। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा। शोभायात्रा में राम-लखन, हनुमान जी और भोलेनाथ की जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण होंगी। इसके साथ ही हाथी, घोड़े, बैलगाड़ियां, ऊंट, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़े यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। शोभायात्रा में अखाड़े के पहलवान प्रकाश धोबी, अंकुर जायसवाल, लादू लाल कसारा, हरीश सालवी और राहुल जीनगर द्वारा करतब और अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# पुष्कर में हस्तलिखित रूप में विराजे श्रीराम, आज से 24 घंटे अनवरत परिक्रमा का शुभारंभ

- 171 अरब हस्तलिखित श्रीरामनाम महामंत्रों की स्थापना
- श्रीराम नामालय में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन



कार्यक्रम का आयोजन श्री राम नाम परिक्रमा समारोह समिति के तत्वावधान में किया जायेगा।

**अजमेर/पुष्कर( निसं )।** तीर्थराज पुष्कर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पंच पीपली के पास सुधाबाय रोड स्थित श्रीराम नामालय में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 171 अरब हस्तलिखित श्री राम नाम महामंत्रों की 24 घंटे अनवरत परिक्रमा का शुभारंभ सुबह 9 बजे किया जाएगा। यह विशेष आयोजन श्री राम नाम परिक्रमा समारोह समिति के तत्वावधान में राम नाम सतत् परिक्रमा शुभारंभ महोत्सव के रूप में आयोजित होगा।

संयोजक सत्यनारायण भंसाली ने बताया कि इस भव्य आयोजन में हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही रामसखा आश्रम पुष्कर के महंत नंदशरणदास जी महाराज, निर्मलधाम के महंत डॉ. रामेश्वरानंद, नांद गोशाला के महंत समताराम जी, डोडियाना पीठ सांवरिया सेठ के महंत शत्रुघ्न दास जी महाराज, शांतानंद उदासीन आश्रम के महंत हनुमानराम जी तथा नृसिंह मंदिर अजमेर के महंत श्याम सुंदर शरण जी सहित अनेक संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा।

संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजमेर महानगर संघचालक खाजूलाल चौहान और विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत के मंत्री कौशल गौड़ का मार्गदर्शन भी मिलेगा।

**श्रीराम नामालय के प्रथम चरण का कार्य पूर्णः** श्रीराम नामालय के प्रथम चरण का कार्य 22 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होकर पूर्ण हो चुका है, जिसके साथ ही संस्था का प्रधान कार्यालय पुष्कर में स्थापित कर दिया गया है।

### सुंदरकाण्ड के साथ मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**ब्यावर ( निसं )।** आशापुरा माता धाम स्थित श्री पंचमुखी बालाजी महाराज मंदिर में आज हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को पुष्प, गुब्बारों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है। मंदिर में सजावट की कुछ तैयारी शुरु भी कर दी है।

मंदिर समिति के सह-सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे पंचामृत अभिषेक एवं श्री बालाजी के दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार से होगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक राधे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

सायं 5 बजे से श्रृंगारित झांकी दर्शन प्रारम्भ होंगे।

**NAME CHANGE**

I Army No 14853142W, SEP/MT, Birajdar Mahesh Chandrakant,Residing Village & Po - Kesarjawalga, Teh:- Omerga, Dist - Osmanabad, Maharashtra, 413605 Have changed my Son's name From Shridhar to Shridhar Mahesh Birajdar vide affidavit no CF 311141 Dt 01/04/2026 before court Campus Nasirabad

# चामुंडा माता मंदिर रोपवे निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक

- पीपीपी मोड पर बनेगा प्रोजेक्ट

**अजमेर, ( निसं )।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चामुंडा माता मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे निर्माण को लेकर जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा के तहत इस परियोजना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस परियोजना के लिए पर्यटन विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। फिजिबिलिटी रिपोर्ट के आधार पर फॉयसागर से चामुंडा माता मंदिर तक लगभग 2 किलोमीटर लंबे रोपवे निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक कृष्ण कुमार ने बताया कि यह परियोजना पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर विकसित की जाएगी। इसके तहत निजी निवेशकों को शामिल कर परियोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी कर इच्छुक एजेंसियों को आमंत्रित किया जाए। साथ ही निजी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला, अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवकाशों में कटौती से प्रदेश के शिक्षको में आक्रोश

**ब्यावर ( निसं )।** राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा नया सत्र 1 अप्रेल से शुरू करने के साथ ही वार्षिक कैलेंडर जारी किया। कैलेंडर जारी करने के साथ ही एकसाथ 12 अवकाश कटौती से सम्पूर्ण प्रदेश के शिक्षक वर्ग में असंतोष फैल गया।राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह राठौड एवं शिक्षिका सेना की जिला संयोजिका रेखा जनागल ने संयुक्त प्रेस विज्ञिप्त जारी कर सरकार से मांग की है कि शीघ्र इस अवकाश कटौती को पूर्ववत कर शिक्षक वर्ग के आक्रोश ओर असंतोष को दूर किया जाए।

**आम सूचना**

मेरे दादाजी मदनलाल पुत्र गजाधर चौधरी जाति महाजन निवासी ग्राम अराई की मृत्यु दिनांक 20.07.1974 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम अराई में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत अराई में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे दादाजी मदनलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- सूरजनारायण पुत्र श्रीधर चौधरी ग्राम अराई, तहसील अराई, अजमेर, हाल निवास राधा मोहन मार्केट, पुरानी मील चौराहा किशनगढ़(अजमेर)

**NAME CHANGE**

I, Rathod Lavjibhai Father of Army No.:- 14857831P, SEP/MT, Rathod Nileshkumar Lavjibhai Residing at Vill:- Kantodiya, Po:-Sonagadh, Teh:- Sihor, Distt:- Bhavnagar, Gujarat, Pin:-364250 have change my name from Rathod Lavjibhai to Rathod Lavajibhai Jivabhai vide affidavit no. CF 311142 dt 01/04/2026 at court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरी माताजी केसर देवी पत्नि श्रीधर चौधरी जाति महाजन निवासी ग्राम अराई की मृत्यु दिनांक 12.11.1976 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम अराई में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत अराई में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माताजी केसर देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- सूरजनारायण पुत्र श्रीधर चौधरी ग्राम अराई, तहसील अराई, अजमेर, हाल निवास राधा मोहन मार्केट, पुरानी मील चौराहा किशनगढ़(अजमेर)

**NAME CHANGE**

I, Rathod Rekhaben Mother of Army No.:- 14857831P, SEP/MT, Rathod Nileshkumar Lavjibhai Residing at Vill:- Kantodiya, Po:-Sonagadh, Teh:- Sihor, Distt:- Bhavnagar, Gujarat, Pin:-364250 have change my name from Rathod Rekhaben to Rathod Rekhaben Lavajibhai vide affidavit no. CF 311140 dt 01/04/2026 at court campus Nasirabad

# सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ


सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के त्रैवार्षिक चुनाव में निर्वाचित नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

- समारोह मुख्य निर्वाचन अधिकारी हुकुम सिंह वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रवि प्रकाश शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ

**अजमेर( निसं )।** सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के त्रैवार्षिक चुनाव में निर्वाचित नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कचहरी रोड स्थित रेलवे बिसिट में आयोजित इस समारोह में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

समारोह मुख्य निर्वाचन अधिकारी हुकुम सिंह वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रवि प्रकाश शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंदी लाल गोयल ने की। मीडिया प्रभारी डॉ. एस.डी. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026-2029 के लिए आयोजित चुनाव में दो गुट आमने-सामने थे, जिसमें 'बल्लेबाज' ग्रुप के सभी प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

उन्होंने बताया कि 22 मार्च को संपन्न हुए चुनाव के बाद आज शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को एक साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष किशन गोपाल वैष्णव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत, महिला उपाध्यक्ष गीता तिवारी, महासचिव सुभाष दत्त शर्मा, सचिव विकास रामेश्वर सिसोदिया, सचिव प्रशासन डॉ. मुकेश माथुर, सचिव वित्त अमर चंद्र गुप्ता, महिला सदस्य हेमलता कश्यप एवं कृष्णा जैन शामिल हैं। समारोह में पूर्व अध्यक्ष जे.पी. शर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान मित्र परिषद के अध्यक्ष आर.के. तायल, पुष्पा देवी सहित अन्य गणमान्य लोगों का भी स्वागत किया गया।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा होने पर कांग्रेस का विरोध

**अजमेर, ( निसं )।** केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आम जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बताया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में करीब 218 रुपये तक की वृद्धि से होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों पर सीधा असर पड़ेगा। विभिन्न शहरों में सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद व्यापार करना और महंगा हो जाएगा, जिसका असर अंततः आम उपभोक्ता पर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की बढ़ती कीमतें, किल्लत और कालाबाजारी ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है।

## कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा(राजस्थान)

E-mail- ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टैंड के पास Telephone No- 01483-223079

क्रमांक / न0पा0गु0/कृषि भूमि/2026/राजकाज रेफरेन्स नम्बर दिनांक : यथाई-हस्ताक्षर

**-आपत्ति आमंत्रण सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन के तहत् निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास / संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क. सं. | ऑन लाईन आवेदन क्रमांक व दिनांक | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल (वर्गगज) | कॉलोनी व भूखण्ड के पडौस | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 164997 17.12.2025 | श्री अजीज मोहम्मद पुत्र हुसैन बक्ष नीलगर | 01 | 15X40 | 66.66 | गुलाबपुरा<br>पूर्व-प्लॉट नं. 01 का 1/2 भाग,सड़क<br>पश्चिम-कृषि भूमि स्थित<br>उत्तर- भूखण्ड नं. 03 स्थित<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 2. | 22 06.03.2026 | श्रीमती अफसाना बानो पिंजारा पत्नि श्री असलम मोहम्मद | A-14 | 25X40 | 111.11 | मोतीनगर कॉलोनी गुलाबपुरा।<br>पूर्व- आम रास्ता 25 फीट स्थित<br>पश्चिम- भूखण्ड संख्या 19 स्थित<br>उत्तर- इसी भूखंड का 1/2 हिस्सा स्थित<br>दक्षिण-भूखण्ड संख्या 15 स्थित | विखण्डन |
| 3. | 103463 21.09.2024 | राधा देवी वैष्णव पत्नि पप्पू दास वैष्णव | 05 | 30X40 | 133.33 | गुलाबबाबा की धूणी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- अन्य आराजी<br>पश्चिम- भूखण्ड संख्या 11 स्थित।<br>उत्तर- आम रास्ता 15 फीट।<br>दक्षिण- भूखण्ड नं. 06 स्थित। | नामान्तरण |
| 4. | 344630 09.02.2026 | रमेश धोबी पुत्र काना धोबी | 2-B<br>2-C | 10X23.11<br>10X23.11 | 25.67<br>25.67 | शिवचरण माथुर कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व-आम रास्ता 60 फीट चौड़ा स्थित<br>पश्चिम- 2 ए<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 5-जी-32 स्थित<br>दक्षिण- भूखण्ड संख्या 5-जी-30 स्थित | |
| 5. | 349669 05.03.2026 | श्रीमती पुष्पा देवी टेलर पत्नि चन्द्र प्रकाश टेलर | 06 | 25X46 | 127.77 | श्रीराम कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- अन्य आराजी स्थित<br>पश्चिम- आम रास्ता<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 07 स्थित<br>दक्षिण- भूखण्ड संख्या 03 | कृषि |
| 6. | 06 09.03.2026 | श्री हरिश कुमार बैरवा पुत्र डाल चन्द बैरवा व श्रीमती जयश्री पत्नि हरीष बैरवा | 02 | 45X30 | 133.33 | पुराना जोरावरपुरा, गुलाबपुरा<br>पूर्व- श्री लवकुश बैरवा का प्लॉट<br>पश्चिम-मंदिर की भूमि स्थित<br>उत्तर- आम रास्ता स्थित<br>दक्षिण- श्री राजेश बैरवा का प्लॉट स्थित | 69-क |
| 7. | 18.03.2026 | श्रीमती रामू देवी पत्नि रामेश्वर लाल मेवाड़ा | | 35X37 | 143.88 | हुरड़ा रोड, भीलों का मौहल्ला, गुलाबपुरा<br>पूर्व- सड़क (आम रास्ता) स्थित।<br>पश्चिम-रामेश्वरलाल मेवाड़ा की जायदाद स्थित<br>उत्तर- आम रास्ता स्थित<br>दक्षिण- श्री रतना जी भील एवं राजू जी भील की जायदाद स्थित | नामान्तरण |
| 8. | 176717 13.03.2026 | श्री अर्जुन सिंह गहलोत पुत्र जीवराज गहलोत | 04 | 45X30 | 127.77 | महावीर कॉलोनी 2, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 12 स्थित।<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 9. | 177143 17.03.2026 | दानिश कुरैशी पुत्र शरीफ मोहम्मद | 07 | 25X50 | 138.88 | तेलीपाड़ा, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 12 स्थित।<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 10. | 176906 19.03.2026 | आशा पत्नि जयसिंह रावल | 19 | 25X40 | 111.11 | गोकुल विहार कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 20 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 18 स्थित।<br>उत्तर- अन्य आराजी स्थित।<br>दक्षिण- रोड 40 फीट स्थित। | नामान्तरण |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

# 'अजमेर डेयरी ने 9.75 रुपये प्रति फैट से बनाया नया रिकॉर्ड'

- ज्वार बीज की भारी मांग- 200 क्विंटल तुरंत खत्म, 300 क्विंटल और मंगाने के आदेश, डीबीटी सिस्टम में बदलाव- 75 करोड़ बकाया भुगतान को लेकर सरकार पर बढ़ा दबाव

**अजमेर( निसं )।** अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (अजमेर डेयरी) ने दुग्ध उत्पादकों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 1 अप्रैल से दूध का क्रय मूल्य 9.75 रुपये प्रति फैट लागू कर दिया है। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश में सबसे अधिक क्रय दर माना जा रहा है।

इससे अजमेर डेयरी ने दुग्ध क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चौधरी ने कहा कि राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) से अनुमति मिलते ही इस दर को बढ़ाकर 10 रुपये प्रति फैट करने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। चौधरी ने बताया कि वर्तमान में पशुपालकों को सूखे भूसे और कुट्टी की बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस समस्या के समाधान के लिए डेयरी द्वारा हरे चारे के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक 500 क्विंटल एसएसजी ज्वार बीज 40 रुपये प्रति किलो की दर से वितरित किया जा चुका है। बुधवार को आई 200 क्विंटल ज्वार बीज की खेप उसी दिन समाप्त हो गई, जो इसकी भारी मांग को दर्शाती है।

पशुपालकों की जरूरत को देखते हुए 300 क्विंटल अतिरिक्त ज्वार बीज मंगाने के आदेश जारी किए गए हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर 200 क्विंटल और तुरंत उपलब्ध करवाया जाएगा। डेयरी प्रशासन ने जिले में कुल 1000 क्विंटल ज्वार बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे हरे चारे की उपलब्धता बढ़ेगी और दूध उत्पादन में स्थिरता बनी रहेगी। दूध भुगतान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं तेज बनाने के उद्देश्य से डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत मिलने वाली 5 रुपये प्रति फैट की प्रोत्साहन राशि के लिए अब आंकड़े समितियों के बजाय सीधे रील कंपनी द्वारा आरसीडीएफ को भेजे जाएंगे। हाल ही में जयपुर में आरसीडीएफ के प्रबंध संचालक और रील कंपनी के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। मार्च माह के लंबित आंकड़ों को भी समितियों से एकत्रित कर रील कंपनी द्वारा भेजा जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

रामचंद्र चौधरी ने बताया कि अजमेर डेयरी ने गत सहकारी वर्ष में भी प्रदेश और देश में सर्वोच्च क्रय दर बनाए रखते हुए लगभग 10 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। यह उपलब्धि डेयरी की मजबूत कार्यप्रणाली और पशुपालकों के विश्वास का परिणाम है।